प्रदेश में इज़रायल के सहयोग से बनेंगे कृषि उत्कृष्टता केंद्र

चर्चा में क्यों?

3 मार्च, 2022 को इज़राइल के काउंसलेट जनरल कोबी शोशानी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात के दौरान बताया कि इज़राइल का भारत में 29 कृषि उत्कृष्टता केंद्रों में से दो केंद्र मध्य प्रदेश में स्थापित करने का प्रस्ताव है।

प्रमुख बिंदु

- प्रस्तावित केंद्रों में छिंदवाड़ा में संतरा उत्पादन और मुरैना में सब्जी उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा।
- वर्तमान में मध्य प्रदेश में मालनपुर और मंडीदीप में इज़राइल की कंपनियों के कुछ प्रतिष्ठान कार्यरत् हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि इज़राइल द्वारा प्राप्त सुझाव पर विचार कर अमल किया जाएगा। मध्य प्रदेश में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को भी इज़राइली कंपनियों के सहयोग से बढ़ावा दिया जाएगा।
- सिंचाई क्षेत्र में भारत और इज़राइल द्वारा मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल में जल परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। विशेषरूप से दोनों देश जल प्रबंधन के अन्य संभावित क्षेत्रों में सहयोग के लिये तत्पर हैं।
- इज़राइल में एक पखवाड़े के विशेष पाठ्यक्रम में मध्य प्रदेश के कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी लाभान्वित किये जाएंगे।
- मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना के क्रियान्वयन से बुंदेलखंड क्षेत्र का कायाकल्प होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के सिद्धांत और इज़राइल की कृषि शैली से मध्य प्रदेश प्रेरित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agricultural-excellence-center